राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक : प.8 (48)/R.S.S.B./प.आ./पुस्त.ग्रेड–III सी.भ.प/2018/पार्ट–I/ 617 दिनांक : 31.8.20

विज्ञप्ति

राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम– 1971 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 485 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 215 कुल 700 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 11/2018 दिनांकः 21.05.2018 को जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

बोर्ड की संशोधित विज्ञप्ति क्रमांकः 1310 दिनांक 01:11.2019 के द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा हेतु पुनः संशोधित श्रेणीवार वर्गीकरण अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्र के 478 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 222 कुल 700 पदों हेतु निर्धारित प्रपत्र मे अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा "पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2018" दिनांकः 19.09.2020 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक आयोजन किया जायेगा।

उक्त परीक्षा के लिए "प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।

वैश्विक महामारी कोविड़–19 के बचाव के मध्यनजर गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा जारी SOP (Standard Operating Procedure) की पालना करते हुऐ परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(डॉ. बी. एल. जाटावत)
अध्यक्ष